Result Mitra

# रिजल्ट मित्र स्पेशल

# Hand Written

# करंट अफेयर्स नोट्स

# 10



10 Jan | P1

# राजघाट पर बनेगा प्रणव मुखर्जी स्मारक

केन्द्र सरकार ने दिल्ली के राजघाट स्थित राष्ट्रीय स्मृति परिसर में पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी का स्मारक बनाने की मंजूरी दी है।

इस निर्णय के लिए प्रणव मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

प्रणव मुखर्जी 2012 से 2017 तक भारत के 13वें राष्ट्रपति रहे और 2019 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

शहरी और आवास मंत्रालय के आदेश के अनुसार राष्ट्रीय स्मृति परिसर के भीतर एक निर्धारित स्थल पर प्रणव मुखर्जी की समाधि स्थापित की जाएगी।

## प्रणव मुखर्जी

* जन्म 11 dec-1935
* मिराती - बंगाल प्रेसीडेंसी (वर्तमान - वीरभूम जिला पश्चिम बंगाल)
* मौत - 31 अगस्त 2020
* आयु - 84 वर्ष
* पेशा - भारतीय राजनीतिज्ञ
* -13 वें राष्ट्रपति
* भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (राजनीतिक दल)
  राष्ट्रीय समाजवादी कांग्रेस

माता - राजलक्ष्मी मुखर्जी

पिता - कामदा किंकर मुखर्जी

पत्नी - सुवा मुखर्जी

बच्चे (1) इंद्रजीत मुखर्जी
(2) अभिजीत मुखर्जी
(3) शर्मिष्ठा मुखर्जी

10 Jan|P2

## पुरस्कार

- भारत रत्न 2019
- पद्म विभूषण (2008)

## भारत में प्रसिद्ध स्मारक और स्थान

- ताजमहल
- इंडिया गेट
- लाल किला
- आगरा का किला
- अजंता और एलोरा की गुफाएं
- सूर्य मंदिर
- हरमिंदर साहिब
- हवा महल
- हम्पी



Result Mitra

@resultmitra www.resultmitra.com

# प्रणव मुखर्जी स्मारक

**स्मारक का महत्व:**
यह स्मारक प्रणब मुखर्जी के राष्ट्र के प्रति योगदान और उनकी स्मृति को सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित किया जाएगा। 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर में उनकी समाधि अन्य राष्ट्रीय नेताओं की समाधियों के साथ स्थित होगी, जो उनके सम्मान और विरासत को दर्शाएगी।
प्रमुख योगदान

1. आर्थिक सुधारों में भूमिका:
    - 1980 और 2000 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था को मंदी से उबरने में मदद की।
    - 1991 के उदारीकरण से पहले और बाद में वित्तीय सुधारों में उनका योगदान उल्लेखनीय है।
2. नीति निर्माण में अग्रणी भूमिका:
    - उन्होंने कई महत्वपूर्ण विधेयकों और सुधारों का नेतृत्व किया।
    - GST (Goods and Services Tax) को लागू करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही।
3. भारत की विदेश नीति:
    - उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों और बड़े वैश्विक शक्तियों के साथ संबंधों को मज़बूत किया।
4. रक्षा आधुनिकीकरण:
    - रक्षा मंत्री के रूप में, उन्होंने भारत की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने और स्वदेशी रक्षा उत्पादन को प्रोत्साहित किया।

Result Mitra

**इतिहास और निर्माण**

- महात्मा गांधी का अंतिम संस्कार:
  - 31 जनवरी 1948 को, महात्मा गांधी का अंतिम संस्कार यहीं किया गया था।
  - उनकी मृत्यु के बाद इस स्थान को उनकी समाधि के रूप में विकसित किया गया।
- डिज़ाइन और संरचना:
  - यह एक काले संगमरमर का मंच है, जो सादगी और शांति का प्रतीक है।
  - इसके चारों ओर लाल फूलों के बगीचे और हरियाली हैं।
  - एक अनंत ज्योति (Eternal Flame) जलती रहती है, जो गांधीजी के आदर्शों को अमरता का प्रतीक बनाती है।
- उत्कीर्ण वाक्य:
  - समाधि पर गांधीजी के अंतिम शब्द"हे राम" लिखे गए हैं।

राजघाट के आसपास अन्य भारतीय नेताओं की समाधियाँ हैं, जैसे:

- जवाहरलाल नेहरू: शांतिवन।
- लाल बहादुर शास्त्री: विजयघाट।
- इंदिरा गांधी: शक्ति स्थल।
- राजीव गांधी: वीर भूमि।
- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम: करुणा स्थल।



Result Mitra

# भारत की GDP वृद्धि दर 2024-25 में 6.4% रहने का अनुमान

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर 6.4% रहने का अनुमान है। जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 8.2% वृद्धि दर से कम है।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (NSC)

- इसकी स्थापना साल 2005 में हुई थी।
- इसका मकसद सांख्यिकीय मामलों में नीतियाँ बनाना प्राथमिकताएँ तय करना और मानक तय करना है।
- इसमें एक अध्यक्ष और चार सदस्य होते हैं।
- यह मंत्रालय देश में सांख्यिकीय प्रणाली के विकास के लिए नोडल एजेंसी है।
- यह भारत का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करने वाला सबसे बड़ा संगठन है इसकी स्थापना साल 1950 में हुई थी।

## सकल घरेलू उत्पाद (GDP)

जीडीपी किसी देश की आर्थिक सेहत का एक प्रमुख संकेतक है।

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) किसी देश में एक निश्चित समय में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य की मापता है।

10 Jan | P3

# रैबिट फीवर (चर्चा में)

रैबिट फीवर जिसे ट्यूलरेमिया भी कहा जाता है एक दुर्लभ लेकिन गंभीर संक्रामक रोग है जो फ्रांसिसेला ट्यूलरेन्सिस बैक्टीरिया के कारण होता है

यह बैक्टीरिया मुख्य रूप से जंगली जानवरों विशेषकर खरगोशों, चूहों और अन्य छोटे स्तनधारियों में पाया जाता है लेकिन यह मनुष्यों में भी संक्रमण फैला सकता है



## संक्रमण के स्त्रोत

- संक्रमित जानवरों के संपर्क से
- कीटों के काटने से
- दूषित पानी या भोजन के सेवन से

## लक्षण

- उच्च बुखार
- गले में खराश
- त्वचा पर घाव या अल्सर
- सांस लेने में कठिनाई
- लिम्फ नोड्स की सूजन
- थकान और कमजोरी

@resultmitra www.resultmitra.com

## उपचार

→ ट्यूलरेमिया का उपचार एंटीबायोटिक्स से संभव है
समय पर निदान और उपचार आवश्यक है।
यदि समय पर इलाज न हो तो यह गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता है

## बचाव के उपाय

संक्रमित क्षेत्रों में कीटों से बचाव के लिए उचित कपड़े पहनें और कीटनाशक का उपयोग करें।

- जंगली जानवरों के सीधे संपर्क से बचें।
- साफ और सुरक्षित पानी और उपयोग तथा भोजन का सेवन
- अमेरिका में रैट फीवर के मामलों में वृद्धि देखी गई है

Result Mitra



# रैबिट फीवर

**प्रभावित क्षेत्र:**

- यह मुख्य रूप से उत्तरी गोलार्ध (यूरोप, उत्तरी अमेरिका, एशिया) में पाया जाता है।

**भारत में रैबिट फीवर की स्थिति**

1. दुर्लभ मामले:
    - भारत में इस बीमारी के मामले अत्यंत दुर्लभ हैं।
2. संभावित क्षेत्र:
    - हिमालयी क्षेत्र, उत्तराखंड, और ग्रामीण क्षेत्र, जहाँ जंगली जानवरों और कीड़ों का संपर्क अधिक है।
3. चुनौतियाँ:
    - इस बीमारी की पहचान और रोकथाम के लिए स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार की आवश्यकता।
    - ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा जागरूकता की कमी।

Result Mitra

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल

कैलीफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में हाल ही में भयंकर जंगल की आग के कारण आपातकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## मुख्य घटनाएँ



- आग का प्रसार
- हॉलीवुड सितारों का पलायन
- आपातकाल की घोषणा
- संघीय सहायता

## सुरक्षा उपाय

- निकासी आदेशों का पालन करें।
- आपातकालीन अलर्ट सिस्टम
- सुरक्षा संसाधन

# हॉलीवुड की खासियत

- हॉलीवुड साइन
- हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम
- टीसीएल चाइनीज थियेटर
- डॉल्बी थियेटर
- यूनिवर्सल स्टूडियोज हॉलीवुड
- ग्रिफिथ आब्जर्वेटरी और ग्रिफिथ पार्क।



Result Mitra

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल

**भौगोलिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

1. स्थिति:
    - प्रशांत महासागर के किनारे दक्षिणी कैलिफोर्निया में स्थित।
    - यह एक तटीय शहर है और अपने विविध भूगोल के लिए प्रसिद्ध है।
2. स्थापना:
    - 4 सितंबर, 1781 को स्पेनिश गवर्नर फेलिप डे नीवे द्वारा स्थापित।
    - 1848 में मैक्सिको-अमेरिका युद्ध के बाद यह अमेरिका का हिस्सा बना।
3. जनसंख्या:
    - 2023 में अनुमानित जनसंख्या 39 लाख।
    - यह अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा शहर है।

भारत और लॉस एंजेल्स के संबंध

1. भारतीय प्रवासी:
    - लॉस एंजेल्स में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं।
    - भारतीय मूल के लोग यहाँ IT और फिल्म उद्योग में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।
2. फिल्म उद्योग का जुड़ाव:
    - बॉलीवुड और हॉलीवुड के बीच सहयोग बढ़ रहा है।
    - लॉस एंजेल्स में भारतीय फिल्म समारोह (Indian Film Festival of Los Angeles - IFFLA) का आयोजन होता है।
3. व्यापारिक संबंध:
    - लॉस एंजेल्स भारत के साथ व्यापार संबंधों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमुख बंदरगाह और हवाई अड्डा है।

## आग लगने के मुख्य कारण

1. प्राकृतिक कारण

- सूखा और गर्मी:
    - कैलिफोर्निया, विशेषकर लॉस एंजेल्स, अक्सर सूखे और गर्म हवाओं की चपेट में रहता है।
    - शुष्क जलवायु और बढ़ते तापमान से वनस्पतियाँ जल्दी सूख जाती हैं, जिससे वे आग पकड़ने में सक्षम हो जाती हैं।
- सांता एना हवाएँ:
    - तेज, शुष्क और गर्म हवाएँ, जिन्हें सांता एना हवाएँ कहा जाता है, लॉस एंजेल्स क्षेत्र में आग के फैलाव को तेज कर देती हैं।
    - ये हवाएँ आग को तेजी से फैलाने में सहायक होती हैं, जिससे इसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है।
- आकाशीय बिजली (Lightning):
    - आकाशीय बिजली बिना बारिश के गिर सकती है, जिससे जंगलों में आग लग जाती है।

Result Mitra



# सड़क दुर्घटना में घायल को 1.5 लाख का मुफ्त इलाज

भारत सरकार सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित और निःशुल्क चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए एक नई योजना लागू कर रही है।

- इस योजना के तहत सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों को प्रति दुर्घटना प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। जो दुर्घटना की तारीख से 7 दिनों तक मान्य होगा।




## मुख्य बिन्दु

- लाभार्थी
- लागू होगा
- प्रमुख एजेंसियां

## सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण

- यातायात नियमों का उल्लंघन
- सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना।
- वाहन चालकों की थकान
- कानूनी प्रवर्तन
- सड़क सुरक्षा अभियानों का संचालन

# सड़क दुर्घटना में घायल की 1.5 लाख का मुफ्त इलाज

हिट एंड रन मामलों में सहायता: ऐसे मामलों में मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

प्रक्रिया:

1. दुर्घटना की सूचना: दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस को सूचित करना आवश्यक है।
2. उपचार: सूचना के बाद, पीड़ित को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार प्रदान किया जाएगा।
3. पुष्टि: अस्पताल संबंधित पुलिस थाने को सूचना भेजेगा, जिसे 6 घंटे में पुष्टि करनी होगी कि व्यक्ति सड़क हादसे में घायल हुआ है या नहीं।

**महत्व:**

- भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या चिंताजनक है। 2024 में लगभग 1.8 लाख लोगों की मृत्यु हुई, जिनमें से 66% की आयु 18-34 वर्ष के बीच थी।
- इस योजना का उद्देश्य गोल्डन ऑवर के दौरान त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान कर मृत्यु दर को कम करना है।

**भारत की स्थिति:**

1. मृत्यु दर:
   - भारत सड़क दुर्घटनाओं में विश्व में पहले स्थान पर है।
   - 2022 में, भारत में लगभग 1.68 लाख मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हुईं।
2. **प्रमुख कारण:**
   - ओवरस्पीडिंग (72% दुर्घटनाओं का कारण)।
   - शराब पीकर गाड़ी चलाना।
   - खराब सड़कें और यातायात नियमों की अनदेखी।
3. **सरकार के प्रयास:**
   - मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019: कठोर दंड और जुर्माने की व्यवस्था।
   - राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा नीति (National Road Safety Policy)।
   - गोल्डन ऑवर योजना: दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को मुफ्त उपचार।

**विश्व से तुलना:**

1. **मृत्यु दर:**
   - भारत में 12% वैश्विक सड़क दुर्घटनाओं की मौतें होती हैं, जबकि वाहनों की हिस्सेदारी केवल1% है।
   - विश्व में प्रति लाख जनसंख्या पर औसतन 18.2 मौतें, जबकि भारत में यह 30.6 मौतें हैं।
2. **विकसित देशों से तुलना:**
   - भारत में सड़क दुर्घटनाओं की दर अमेरिका, यूरोप, और जापान जैसे विकसित देशों की तुलना में कहीं अधिक है।
3. **योजना और प्रबंधन:**
   - विकसित देशों में सड़कें, यातायात नियम और वाहनों की सुरक्षा प्रौद्योगिकी बेहतर है।
   - भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रवर्तन और जागरूकता में सुधार की आवश्यकता है।

Result Mitra